Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 03-05-2005

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

n style='mso-tab-count:7'>

Title: Need to revive and modernise closed N.T.C mills in the country.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : उपाध्यक्ष महोदय, देश भर की आधे से ज्यादा एन.टी.सी. की कपड़ा मिलें बन्द पड़ी हैं। उनमें लगे मजदूरों को बिना काम के वेतन दिया जा रहा है। अगर इन मिलों का आधुनिकीकरण कर के कपड़े का उत्पादन किया जाए, तो हम उसका उत्पादन बड़ी मात्रा में कर पाएंगे और बिना काम के वेतन दिए जाने से जो अपव्यय हो रहा है, उसे भी रोका जा सकेगा। इन मिलों के आधुनिकीकरण की अपार संभावनाएं हैं और इनकी फालतू जमीनों को बेचकर इन्हें चलाया जा सकता है। इन मिलों के आधुनिकीकरण का फायदा यह होगा कि हम अच्छी क्वालिटी के कपड़े का उत्पादन कर सकते हैं जिसे विश्व के अन्य देशों में निर्यात किया जा सकता है और विदेशी मुद्रा कमाई जा सकती है। इस बारे में सदन में कई बार चर्चा की गई और सरकार ने इस संबंध में गंभीर कदम उठाने का वायदा भी किया है, परन्तु वास्तव में कुछ नहीं हो रहा है और बेकार में सरकार का पैसा वेतन के रूप में खर्च किया जा रहा है। इसलिए सदन के माध्यम से मेरा सरकार के अनुरोध है कि एन.टी.सी. के प्रबन्धन को बदलकर एन.टी.सी. की बन्द मिलों को तुरन्त चालू किया जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Y.G. Mahajan - Not present

Shri Ganesh Singh - Not present

Shri Sukdeo Paswan - Not present

Shri Suresh Chandel - Not present

Shrimati Manorama Madhavraj - Not present